**Need to develop a park in the Yamuna River Front and develop the area as a modern tourist place.-laid**

श्री मनोज तिवारी **(उत्तर-पूर्व दिल्ली) :** मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र उत्तर पूर्वी दिल्ली में स्थित यमुना रिवर फ्रंट की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ । यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य, विस्तृत हरित संभावना तथा समतल एवं उपयोगी भूमि की उपलब्धता के कारण अत्यंत महत्वपूर्ण है । दुर्भाग्यवश, यहाँ पर्यटन एवं जन-उपयोगी विकास की असीम संभावनाएँ होने के बावजूद योजनाएँ केवल बनती हैं, परंतु उनका प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो पाता । परिणामस्वरूप हजार एकड़ से अधिक भूमि आज भी पूर्ण उपयोग से वंचित है । यदि इस क्षेत्र का सुनियोजित विकास किया जाए, तो यह राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रमुख पर्यटन, पर्यावरण एवं जन-मनोरंजन केंद्र बन सकता है । इससे स्थानीय लोगों को बेहतर सार्वजनिक सुविधाएँ मिलेंगी तथा रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे । अतः मैं माननीय शहरी विकास मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (DDA) को निर्देशित किया जाए कि यहाँ 52 एकड़ भूमि पर भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री, परम श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम पर एक भव्य पार्क विकसित किया जाए, जिसमें झील, हरित उद्यान तथा दो खेल मैदान शामिल हों । साथ ही, इस पूरे क्षेत्र को साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर एक आधुनिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की व्यापक योजना बनाई जाए ।